# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

## (भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

## निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 14 अगस्त, 2020

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>माननीय रक्षा मंत्री बीडीएल द्वारा बनायी गयी वस्तुओं का देशीकृत करने के लिए ई ओ आई जारी किया।</u>**

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'आत्मनिर्भरता भारत' के निर्माण के लिए दिए गए क्लेरियन कॉल के जवाब में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) विदेशी सहयोग से निर्मित होनेवाली मिसाइलों के स्वदेशी घटकों और सबअसेंब्ली को अधिकतम करने की दिशा में अथक रूप से काम कर रहा है।

इस मिशन की दिशा में काम करते हुए, बीडीएल ने कुछ घटकों और टैंकरोधी मिसाइलों और पानी के नीचे से मार करनेवाली अस्त्र सब-असेंब्लियों को स्वदेशी कर किया है,जिन्हें कंपनी द्वारा आयात किया जा रहा था।

माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज इन घटकों के लिए (एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट) जारी किया और नई दिल्ली में आयोजित होनेवाली 'सामूहिक कार्यक्रम' में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत, सचिव (रक्षा उत्पादन) श्री राज कुमार, रक्षा मंत्रालय से वरिष्ट अधिकारी गण और बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) निदेशक गण और वरिष्ठ अधिकारी हैदराबाद में उपस्थित रहें।

इन प्रयासों से न केवल आत्मनिर्भरता बढ़ेगी बल्कि इससे उत्पादित अस्त्रों के लिए लागत-प्रतिस्पर्धा को प्राप्त करने के अलावा राष्ट्र के लिए विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह में काम आएगी। स्वदेशीकरण के प्रयासों से कंपनी को विभिन्न परियोजनाओं के लिए एक बडी आपूर्ति श्रृंखला (एम एस एम ई) बनाने में मदद मिलती है।





आज इस कार्यक्रम में High Temperature Carbon Composite manufacturing facility (HTCC) की स्थापना के लिए रक्षा उत्पादन विभाग आर अण्ड डी सचिव एवं डी आर डी ओ के अध्यक्ष डॉ जी सतीश रेड्डी ने नींव डाली। बीडीएल के इब्राहीमपट्टणम इकाई में भी इस नयी सुविधा का निर्माण किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री एम एस आर प्रसाद, महानिदेशक (एम & एस एस), डी आर डी ओ, डॉ एम आर एम बाबू, निदेशक, ए एस एल, डॉ के एच सिन्नूर, निदेशक, एच टी सी सी के साथ अधिकारी गण उपस्थित रहे। सूपरसोनिक या उच्च वेग के साथ भविष्य की मिसाइलों के लिए महत्वपूर्ण घटकों के निर्माण के लिए सुविधा स्थापित की जा रही है जो इस प्रौद्योगिकी क्षेत्र में देश को 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने में मदद मिलेगी।

---XXX—